पटना, सोमवार
2 जुलाई 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 18+4+12 पृष्ठ का जोश

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
बिहार, झारखंड, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

- जीएसटी के एक वर्ष पूरा होने पर वाणिज्य कर विभाग की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम
- मोदी बोले, छह माह में आ जाएगा रिटर्न भरने का नया फार्म, जल्द आयोजित होगी राज्य के व्यापारियों के साथ बैठक
- जीएसटी के एक साल के सफर को बताया सफल, कहा–इसमें मनुष्य का सीधे दखल नहीं, खत्म होगा भ्रष्टाचार

ज्ञान भवन में जीएसटी के एक साल पूरा होने पर आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी, ऊर्जा मंत्री विजेंद्र यादव व अन्य।

## पहले दो माह में निर्गत हुए 19,44,770 ई-वे बिल

आरंभ में वाणिज्य कर विभाग की सचिव डॉ. प्रीता एस. वर्मा ने बताया कि पहली अप्रैल से ई-वे बिल की व्यवस्था प्रदेश में लागू हुई है। पहले दो माह में 19,44,770 ई-वे बिल निर्गत हुए हैं। लोगों की सुविधा के लिए पिछले एक साल के दौरान 304 जगहों पर 2242 जागरूकता सह प्रशिक्षण शिविर लगाए गए। जीएसटी के तहत प्रदेश में 1,77,933 व्यापारियों ने नया निबंधन कराया है, जबकि 1,69,367 व्यापारी वैट से जीएसटी में आए हैं। कंपोजिशन स्कीम में 91,171 छोटे व्यापारी शामिल हैं। कार्यक्रम को वित्त एवं वाणिज्य कर विभाग की प्रधान सचिव सुजाता चतुर्वेदी, सीजीएसटी के मुख्य आयुक्त (रांची प्रक्षेत्र) शिवनरायण सिंह और वाणिज्य कर विभाग के संयुक्त आयुक्त मार्कंडेय ओझा ने भी संबोधित किया।